समाचार

# महापौर ने इलेक्ट्रिक ताप हीटर का किया वितरण, ठिठुरन भरी ठंड से लोगों को मिलेगी राहत

## (इलेक्ट्रिक हीटर के उपयोग से एक ओर जहॉ ठंड से मिलेगी राहत, तो वहीं दूसरी ओर धुएं व प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति )




कोरबा 24 दिसम्बर 2025 –महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज रैनबसेरा आश्रय स्थलों आदि में ठहरने वाले नागरिकों को ठिठुरन भरी ठंड से राहत दिलाने इलेक्ट्रिक ताप हीटर का वितरण किया, इलेक्ट्रिक ताप हीटर के उपयोग से एक ओर जहॉ लोगों को पर्याप्त गर्मी प्राप्त होगी, ठंड से राहत मिलेगी, तो वहीं दूसरी ओर ठंड से बचने हेतु जलाए जाने वाले कोयला लकड़ी से उत्पन्न धुएं व प्रदूषण से मुक्ति भी मिलेगी। रैनबसेरा में इलेक्ट्रिताप हीटर के दौरान वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य अजय गोंड़ व ममता यादव, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा एक सराहनीय व अभिनव पहल करते हुए लगातार बढ़ रही ठिठुरन भरी ठंड से राहत दिलाने हेतु बिजली से चलने वाले तथा सुरक्षित रूप से पर्याप्त गर्मी उत्पन्न करने वाले इलेक्ट्रिक ताप हीटर शहर में स्थित रैनबसेरा आश्रय स्थल, वृद्धाश्रम, बस स्टैण्ड,

प्रमुख चौक–चौराहों पर लगाए जा रहे हैं। आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम की इस अभिनव पहल का शुभारंभ करते हुए जिला चिकित्सालय मेडिकल कालेज कोरबा परिसर में स्थित रैनबसेरा पहुंची तथा इलेक्ट्रिक ताप हीटर प्रदान किया। उन्होने रैनबसेरा में पुरूष कक्ष एवं महिला कक्ष के लिए पृथका–पृथक 02 नग इलेक्ट्रिक ताप हीटर उपलब्ध कराया तथा रैनबसेरा में उपस्थित लोगों से उनका हालचाल व कुशलश्रेम की जानकारी लेते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

**लगेंगे 15 नग इलेक्ट्रिक हीटर** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि निगम द्वारा शहर में स्थित रैनबसेरा, आश्रय स्थल, वृद्धाश्रम, प्रमुख चौक–चौराहों व सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैण्ड आदि में 15 नग इलेक्ट्रिक ताप हीटर एक–दो दिन के अंदर ही स्थापित कर दिए जाएंगे। उन्होने कहा कि निगम की इस अभिनव पहल का उद्देश्य रैनबसेरा आश्रय स्थलों में रहने वाले लोगों तथा जरूरतमंदों, राहगीरों को ठिठुरन भरी ठंड से बचाना है ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके।

**इलेक्ट्रिक हीटर से न धुआं होगा, न प्रदूषण** – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आगे कहा कि इलेक्ट्रिक ताप हीटर का उपयोग करने से न तो धुएं की समस्या होगा, और न ही प्रदूषण भी होगा। उन्होने कहा कि इलेक्ट्रिक हीटर सुरक्षित रूप से कार्य करेंगे तथा उनसे पर्याप्त मात्रा में गर्मी उत्सर्जित होगी तथा लोगों को धुएं व प्रदूषण की समस्या का सामना किए बिना ठंड से बचाव होगा।